उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 29.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 29.07.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 29.07.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

- **पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के थानो की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति' एवं 'शक्ति दीदी' अभियान।**
- **स्कूली छात्राओं, महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर पंपलेट आदि के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, गुड टच-बैड टच एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।**

महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 29.07.2025 को मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा के थाना खरेला एवं महिला रिपोर्टिंग चौकी चरखारी की एण्टी रोमियो टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले विद्यालय एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में जाकर वहां मौजूद बच्चियों तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत जागरुक किया गया साथ ही गुड टच-बैड टच के बारे में भी जानकारी दी गई।

अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंपलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओँ (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।








उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 29.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन का निरीक्षण, प्रशिक्षण व्यवस्थाओं को मानक अनुरूप पूर्ण कराने के दिए निर्देश-

आज दिनांक 29.07.2025, दिन मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा पुलिस लाइन महोबा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन महोबा में चल रहे 250 रिक्रूट आरक्षियों के आधारभूत प्रशिक्षण (आरटीसी) की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मैस, बैरक, स्नानघर, कक्षाओं आदि का स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं प्रशिक्षण व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ व मानक अनुसार किए जाने हेतु सम्बन्धित प्रशिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही आरटीसी कार्यालय के नियमित संचालन हेतु कार्यालय में आवश्यक पुलिस स्टाफ की शीघ्र नियुक्ति कराये जाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

इसी क्रम में पुलिस लाइन स्थित आदेश कक्ष में अर्दली रूम किया गया तथा गार्द रजिस्टरों की जांच कर सम्बन्धित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

निरीक्षण के दौरान प्रतिसार निरीक्षक/आरआई श्री शिवकुमार, आरटीसी प्रभारी उपनिरीक्षक सशस्त्र पुलिस श्री तेज सिंह यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

मंगलवार परेड निरीक्षण/पुलिस लाइन भ्रमण



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 29.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## "आटा चक्की संचालक प्रकरण" में फरार चल रहे 02 वांछित अभियुक्तों को थाना कबरई की पुलिस टीम ने किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक-29.07.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कबरई श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में गठित टीम के व0उ0नि0 मलखान सिंह द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0स0 206/25 धारा 109(1)/309(5)/61(2) बीएनएस से सम्बन्धित 02 नफर वांछित अभियुक्तगण 1. दयाशंकर उर्फ फल्लू तिवारी पुत्र विशाल तिवारी उम्र करीब 50 वर्ष नि0 मु0 शास्त्री नगर थाना कबरई जनपद महोबा व 2. राजा भइया अहिरवार पुत्र स्व0 बल्दू अहिरवार उम्र करीब 45 वर्ष नि0 ग्रा0 धवारी थाना जुझार नगर जनपद छतरपुर म0प्र0 सम्बन्धित को कानपुर बाईपास के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से अपराध में प्रयुक्त 02 अदद एन्ड्रायड मोबाइल ओप्पो कम्पनी का बरामद हुआ, बाद गिरफ्तारी अभियुक्तगण उपरोक्त को सम्बन्धित मा0 न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

ध्यातव्य रहे कि घटना से सम्बन्धित मुख्य आरोपी को दिनांक 28.07.2025 को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया जा चुका है।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1.व0उ0नि0 श्री मलखान सिंह
2.हे0कां0 राजेन्द्र प्रसाद
3.कां0 धर्मेन्द्र कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.दयाशंकर उर्फ फल्लू तिवारी पुत्र विशाल तिवारी उम्र करीब 50 वर्ष निवासी मुहल्ला शास्त्री नगर थाना कबरई जनपद महोबा

2. राजा भइया अहिरवार पुत्र स्व0 बल्दू अहिरवार उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम धवारी थाना जुझार नगर जनपद छतरपुर (म0प्र0)



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 29.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

**दिनांक 20.07.2025 को थाना कबरई क्षेत्रान्तर्गत एक आटा चक्की संचालक के साथ, उसकी दुकान के बाहर, अज्ञात बदमाशों द्वारा गोली मारकर लूट का प्रयास किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तत्काल कई पुलिस टीमों का गठन किया गया था।**

📌 जनपदीय एसओजी, सर्विलांस टीम एवं थाना कबरई पुलिस ने संयुक्त रूप से त्वरित एवं वैज्ञानिक तरीकों से जांच करते हुए घटना का सफल अनावरण किया गया।

📌 घटना में संलिप्त अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार एवं अन्य साक्ष्य बरामद किए गए।

इस सराहनीय सफलता पर आज दिनांक 29.07.2025 को थाना कबरई क्षेत्र के व्यापारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

व्यापारी समुदाय ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई एवं अपराध नियंत्रण के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए जनपद पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।




